# समझौता ज्ञापन

------------

दोनों देशों के बीच मैत्री और अपसी समझबूझ को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से भारत गणराज्य की सरकार और कज़ाकस्तान गणराज्य की सरकार सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत भारत में कज़ाक संस्कृति काल और कज़ाकस्तान में भारतीय संस्कृति काल नामक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सहमत हुई हैं ।

भारत में कज़ाक संस्कृति काल और कज़ाकस्तान में भारतीय संस्कृति काल, यात्रा अवधि को छोड़कर, प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन की अवधि सात दिन की होगी । इनके आयोजन की ठीक ठीक तिथियां आपसी परामर्श के जरिए तय की जाएंगी ।

इस संस्कृति काल कार्यक्रम में निम्नलिखित आयोजन शामिल होंगे :

1. शास्त्रीय नृत्य, संगीत, लोक अभिनय पेश करना ।

2. समकालीन कला और शिल्पकला की प्रदर्शनी ।

3. दोनों देशों का फिल्मोत्सव ।

4. दोनों देशों के लेखकों का आदान-प्रदान ।

समारोह एक दूसरे के देश की राजधानियों तथा अन्य शहरों में जैसा कि सहमति हो, आयोजित किए जाएंगे ।

दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम द्वारा निर्धारित स्थापित व्यवस्था के अनुसार, भेजने वाला पक्ष शिष्टमण्डल के सदस्यों और मंडलियों की अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा, पेकिंग और कलावस्तुओं के बीमे, उपकरणों के परिवहन, कलावस्तुओं और समान की लागत वहन करेगा । अभिग्राही पक्ष हॉल किराया, प्रचार, कार्डों की छपाई और प्रकाश और ध्वनि की तकनीकी आवश्यकताएं, द्विभाषिए मुहैया कराना तथा यदि आवश्यक हो, तो चिकित्सा सहायता सहित कलाकारों के प्रवास, भोजन, एक अच्छे होटल में आवास, स्थानीय परिवहन, मेजबान देश के भीतर अन्तर-शहरीय यात्रा, कार्यक्रमों को पेश करने की लागत से संबद्ध व्यय वहन करेगा ।

दोनों पक्षों की ओर से एक उच्च तकनीकी दल संस्कृति काल कार्यक्रम के उद्घाटन से चार दिन पूर्व एक दूसरे देश की यात्रा पर जाएगा और समारोह की समाप्ति तक वहां उपस्थित रहेगा ।

कज़ाकस्तान गणराज्य का एक उच्च स्तरीय शिष्टमण्डल भारत में कज़ाक संस्कृति काल कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली में उपस्थित रहेगा और इसी प्रकार भारत गणराज्य का एक उच्च स्तरीय शिष्टमण्डल कज़ाकस्तान में भारतीय संस्कृति काल कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर अलमाती में उपस्थित रहेगा ।

सरकारी और सांस्कृतिक शिष्टमण्डल के सदस्यों की कुल संख्या साठ होगी ।

यह समझौता ज्ञापन इस पर हस्ताक्षर होने की तारीख से प्रभावी होगा । नई दिल्ली में एक हजार नौ सौ छियानबे के दिसम्बर मास के नवें दिन हिन्दी, कज़ाक, रूसी और अंग्रेजी भाषाओं में दो-दो मूल पाठों में संपन्न, सभी पाठ समान रूप से प्रामाणिक हैं ।

मौजूदा ज्ञापन के उपबंधों की व्याख्या करने में मतभेद होने की स्थिति में, अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

**भारत गणराज्य की**
**सरकार की ओर से**

**कज़ाकस्तान गणराज्य की**
**सरकार की ओर से**

# MEMORANDUM OF UNDERSTANDING

With the objective of further strengthening the friendly relations and mutual understanding between the two countries, the **Government of the Republic of India** and the**Government of the Republic of Kazakhstan** have agreed to hold the **Days of Indian Culture in Kazakhstan** and the **Days of Kazakh Culture in India** under the Cultural Exchange Programme.

The **Days of Indian Culture in Kazakhstan** and the **Days of Kazakh Culture in India** will be organised for a period of 7 days each, exclusive of travel. The exact dates would be finalised through mutual consultations.

The Days of Culture may include the following:

1. Performance of classical dance, music, folk ensembles.
2. Exhibition of contemporary arts and crafts .
3. Festival of films of each country.
4. Exchange of writers of the two countries.

The Festival may be held in the capital city of each country as well as in other cities as may be agreed upon.

In accordance with the established practice laid down by the CEP between the two countries, the sending side will bear the cost of international travel, packing and insurance of exhibits, transportation of props, exhibits and the baggage of the delegation members and groups. The receiving side will bear expenses on stay of the participants, food, accommodation in a good hotel, local transport, intercity travel within the host country, cost of presentation of programmes including hall rent, publicity, printing of cards and technical requirements of light and sound, provide interpreters and if necessary, medical assistance.

An advance technical team from either side will visit 4 days prior to the inauguration of the Days of Culture and will remain there till the closing of the event.

A high level delegation from the Republic of Kazakhstan will be present in Delhi at the time of the inauguration of the Days of Kazakh Culture and similarly a high level delegation from the Republic of India will be present in Almaty at the time of the inauguration of the Days of Indian Culture in Kazakhstan.

The total number of the members of the official and cultural delegation will be 60 persons.

The Memorandum will come into effect from the day of its signing. Done in Delhi on December 9, 1996 in two originals, each in Hindi, Kazakh, Russian and English languages, all texts being equally valid.

In case of differences in interpreting the clauses of the present Memorandum, the Sides will be guided by the text in the English language.

| | |
|---|---|
| For the Government of the Republic of India | For the Government of the Republic of Kazakhstan |